हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024



### जगराता आज

राजनांदगांव। स्टेशनपारा सोलहखोली में विराजित मां शक्ति के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कल 17 अक्टूबर को विशेष पूजा-अर्चना पश्चात छत्तीसगढ़ अंचल के सुप्रसिद्ध लोक गायक खिलेश यादव दुर्ग एवं सोहेल रंगारी राजनांदगांव एवं उनकी टीम द्वारा संध्या 7 बजे से जगराता कार्यक्रम किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा शहर के जगराता प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की गई है। आयोजन के क्रम में 18 अक्टूबर को संध्या समय मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया आएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजू बघेल द्वारा अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# चुनाव से पहले नाम जुड़वाने का मौका, शहर से गांव तक अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आने वाले दिनों में होने वाले नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अब मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम काटने एवं संशोधन का अभियान शुरू कर लिया गया है। गांव से लेकर शहर तक मतदाताओं को जाबो कार्यक्रम के तहत आवेदन करने का मौका दिया जाएगा। नगरीय निकाय में 16 अक्टूबर एवं पंचायतों में 23 अक्टूबर से कार्यक्रम शुरू होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगर पालिका के आम व उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में प्रेसवार्ता ली। कलेक्टर ने बताया कि नगरीय निकाय हेतु प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को किया गया। दावा-आपत्ति 23 अक्टूबर तक प्राप्त की जाएगी। प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 4 नवम्बर है। प्राप्त दावा एवं आपत्तियों का निराकरण 29 अक्टूबर तक किया जाएगा। प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 8 नवंबर है। निर्वाचन नामावली के अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर को निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा। त्रि-स्तरीय पंचायत हेतु प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया जाएगा। प्रकाशन संबंधित ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। दावा-आपत्ति 29 अक्टूबर तक सभी ग्राम पंचायतों में प्राप्त की जाएगी। निर्वाचन नामावली के अंतिम प्रकाशन 29 नवम्बर को निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा।

## कलेक्टर ने प्रेसवार्ता लेकर दी कार्यक्रम की जानकारी

### 18 की आयु जरूरी

इस कार्यक्रम के तहत कोई भी व्यक्ति निर्वाचन नामावली में नाम दर्ज करा सकता है, लेकिन 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष से कम आयु का नहीं हो। ग्राम पंचायत व नगर पालिका वार्ड का सामान्य तौर पर निवासी हो। वार्ड व ग्राम पंचायत से संबंधित विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज किए जाने के लिए अन्यथा अर्हित हो।




### लाउडस्पीकर से प्रचार-प्रसार

कलेक्टर ने बताया कि जाबो कार्यक्रम के तहत नगरीय निकाय में लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है एवं ग्राम पंचायतों में ग्राम कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराई जा रही है।

## कई बीज की कीमत में तीन हजार रुपए तक की बढ़ोत्तरी

# खेती महंगी: गेहूं-चना सहित अलसी बीज के दाम में इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रबी फसल शुरू होने से पहले छग राज्य बीज निगम एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड ने किसानों को बड़ा झटका दिया है। रबी सीजन में सबसे ज्यादा बोए जाने वाला चना और गेहूं सहित अलसी के दामों में भारी वृद्धि कर दी गई है। जिसके चलते इस बार रबी सीजन के लिए किसानों को पिछले साल की अपेक्षा अधिक दाम चुकाने पड़ेंगे।

जानकारी के अनुसार रबी 2024-25 के लिए किसानों को विक्रय हेतु बीज की नई दरें घोषित कर दी है। इसके मुताबिक रबी बीज की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। कई किस्म के बीज की कीमत में प्रति क्विंटल दो से तीन हजार रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। सबसे ज्यादा अलसी बीज की कीमत में 3265 रुपए की वृद्धि की गई है। घोषित नई दरों के अनुसार अलसी बीज की कीमत 9765 रुपए प्रति क्विंटल कर दी गई है। जबकि गत वर्ष इसकी कीमत प्रति क्विंटल 6500 रुपए थी। जिसके मुकाबले इस बार कीमत में 3265 रुपए की वृद्धि हुई है। वहीं कुसुम बीज की कीमत गत वर्ष की तुलना में प्रति क्विंटल 2476 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। मूंगफली 8500 से 10795 एवं उड़द बीज 10250 रुपए से बढ़कर प्रति क्विंटल 12500 रुपए हो गया है।



### बेहतर उत्पादन का अनुमान

अफसरों का कहना है कि जिन बीजों के दाम बढ़ाए गए हैं, उसका उपयोग पिछले 10 साल से कर रहे हैं। बीज प्रबंधक एसके बेहरा का कहना है कि गेहूं तथा चना के 10 वर्ष के अंदर की किस्मों के लिए विक्रय दरें 10 वर्ष के बाहर की किस्मों की दरों से कम रखी गई है, ताकि कृषक द्वारा 10 वर्ष के भीतर की किस्मों को अधिक से अधिक अपनाया जा सके, जो कि उच्च गुणवत्ता, विभिन्न कीटों तथा रोगों के प्रति सहनशीलता तथा विपुल उत्पादन आदि गुणों से परिपूर्ण होती है। कुल मिलाकर किसानों को पिछले साल की अपेक्षा इस बार रबी सीजन के लिए अधिक दाम चुकाने पड़ेंगे। बीज निगम के प्रक्रिया प्रभारी का कहना है कि समिति में भंडारण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### चना बीज में 420 रुपए की बढ़ोतरी

इसी प्रकार चना बीज की कीमत में गत वर्ष की तुलना 665 से 1085 रुपए प्रति क्विंटल वृद्धि की गई है। गत वर्ष इसकी कीमत 8000 रूपए प्रति क्विंटल थी। इसे बढ़ाकर 8665 से 9085 रुपए कर दिया गया है। मटर 8900 से बढ़कर 9550 रुपए हो गया है अर्थात प्रति क्विंटल इसकी कीमत में 650 रुपए की वृद्धि कर दी गई है। मसूर की कीमत में प्रति क्विंटल 900 रुपए की वृद्धि कर 10000 से बढ़ाकर 10900 रुपए कर दिया गया है। तिवड़ा बीज की कीमत 5328 से बढ़ाकर 6120 रुपए कर दिया गया है। वहीं मूंग 11000 से 11500 एवं सरसो बीज की कीमत 7500 से बढ़ाकर 7770 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। गेहूं ऊंची किस्म की कीमत में प्रति क्विंटल 10 से 160 रुपए की वृद्धि की गई। जबकि गेहूं बौनी 10 वर्ष के बाहर की कीमत में 120 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि कर 3870 रुपए कर दिया गया है। एकमात्र गेहूं बौनी 10 वर्ष के अंदर की कीमत घटी है, इसे 3900 से घटाकर 3670 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है।

## पांचवीं मंजिल से कूदा बुजुर्ग, मौत

- शहर के कल्प वृक्ष सोसायटी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के रिहायशी इलाका कल्प वृक्ष सोसायटी निवासी एक 72 वर्षीय वृद्ध ने पांचवी मंजिल से कूद गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गंज लाइन के आगे स्थित कल्प वृक्ष सोसायटी में पांचवी मंजिल में रह रहे प्रकाशचंद झाबक उम्र 72 वर्ष आज सुबह लगभग सवा 5 बजे घर के गैलरी से नीचे कूद गए। पुलिस के अनुसार इस घटना से उनकी मौत हो गई। उक्त घटना की खबर जैसे ही लोगों को मिली, सनसनी फैल गई है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की तलाश

# मोपेड सवार युवक से दो लाख रुपए की उठाइगिरी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दो लाख रुपए भरे थैले को स्कूटी के हैंडल में रखकर जा रहे व्यक्ति से बाइक सवार दो युवकों ने बहाना बनाकर उठाईगिरी कर ली। दिनदहाड़े हुए इस घटना की खबर से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलगांव निवासी प्रार्थी प्रकाशचंद्र अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह 15 अक्टूबर को बैंक खाता से निकालकर दो लाख रुपए को स्कूटी के हैंडल में थैला में रखकर अपने रिश्तेदार के घर एक बत्ती पांच रास्ता वार्ड नंबर 17 जा रहा था। वह दोपहर 12.40 बजे एक बत्ती पांच रास्ता रिश्तेदार के घर के आगे पहुंचा ही था।

### दिनदहाड़े घटना, क्षेत्र में सनसनी

प्रार्थी द्वारा इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर त्यौहारी सीजन में दिनदहाड़े हुए उठाईगिरी की खबर से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी कर रही है।

### पैसा गिर गया है बोले और रकम ले भागे

इस बीच दो व्यक्ति बाइक में आए और आपका पैसा गिर गया है बोले, तब प्रार्थी अपने मोपेड को रोकर पीछे देखने लगा, वहां कुछ नोट पड़ा हुआ था, तभी मोपेड से उतरकर पैसा को उठाने लगा, तभी बाइक सवार अज्ञात आरोपी मोपेड के हैंडिल में थैला में रखा दो लाख रुपए को हैंडिल से निकालकर खैरागढ़ रोड की तरफ भाग गए। बाइक सवार दोनों व्यक्ति जिनका रंग सांवला उम्र लगभग 40-41 साल के थे। बाइक चलाने वाला व्यक्ति का बाल लंबा एवं चेक फुल शर्ट एवं जींस पहना हुआ था एवं पीछे बैठे व्यक्ति उम्र लगभग 40 वर्ष सिर में टोपी पहना था।

### माए एंगल




# रेल टिकट में दलाली करने वाले तीन एजेंट गिरफ्तार, कम्प्यूटर भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्यौहारी सीजन में रेल में यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि और आरक्षित टिकटों की अत्याधिक मांग को देखते रेल टिकट का अवैध व्यापार ने जोर पकड़ लिया है। रेल टिकट के दलालों पर रेलवे सुरक्षा बल ने शिकंजा कसा है। दो दिनों तक छापामार कार्रवाई में तीन टिकट दलालों पर कार्रवाई की गई है।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के




अनुसार उप निरीक्षक अखिलेश कुमार रेसुब पोस्ट डोंगरगढ़ द्वारा बल सदस्यों के साथ ऑनलाइन रेलवे आरक्षित ई-टिकट के अवैध कालाबाजारी के विरुद्ध चेकिंग अभियान के दौरान ग्राम गातापार कला स्थित

⏩ शेष पेज 14 पर

### कार्रवाई से मची खलबली

इस तरह नागपुर शहर क्षेत्र में स्थित दुकान केके कंसलटेंसी, सेतिया चौक में चेकिकंग के दौरान दुकान मालिक जुगलकिशोर वल्द नरेश कश्यप तथा छिंदवाड़ा में रूपेश झगड़ बघेल के यहां छापामार कार्रवाई कर रेल टिकट सहित कम्प्यूटर जब्त किया गया है। तीन आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई से अवैध व्यापार करने वाले लोगों में खलबली मच गई है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
- सीने में भारीपन
- उच्च रक्तचाप,
- ब्लड शुगर, • थायराइड
- चलने पर सांस फूलना,
- कंधों में जकड़न,
- धड़कन का कम या ज्यादा होना
- चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
- कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
- पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए

डॉ. जय टांक
BDS, MDS
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
- मुँह के छाले एवं कैंसर
- जबड़े के फेक्चर का उपचार ।
- मुँहके कम खुलने का इलाज ।
- जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी ।
- दांतों के इम्पलान्ट
- कटे फटे होंट एवं तालु
- चेहरे एवं घावों का उपचार
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
मिलने का समय - सुबह 12 से शाम 2 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 07744356654









## खबर संक्षेप



### विद्या मंदिर में मनाया शरद पूर्णिमा

**सड़क अतरिया।** वेद विज्ञान विद्या मंदिर सड़क अतरिया में बुधवार को शरद पूर्णिमा उल्लास से मनाया गया। इस मौके पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। विद्यालय के छात्रों को खीर एवं पुड़ी वितरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक राजेश देवांगन, प्राचार्य रवि चंदन, लेखूराम श्रीवास, मनोज यादव, कैलाश पटेल, सुरेश साहू, सरगम गुप्ता, जोहित जंघेल, तुषार वैष्णव, जितेन्द्र सेन, रैमुन बंजारे, महेश्वरी वर्मा, ज्योति जंघेल, पूजा साहू, पूजा मिर्चे, देवकी जंघेल, रागिनी साहूर वर्षा जंघेल शामिल हुए।

### खांडेकर बने पहले सक्रिय सदस्य



**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने विधानसभा के सक्रिय सदस्यता प्रभारी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल के निवास पर पहुंचकर अपने द्वारा बनाए गए सदस्यों की सूची एवं फार्मेट को सौंपा। उन्होंने पहले सक्रिय सदस्य बनने की शुरुवात की।

### चौथाना में सब स्टेशन की स्वीकृति

**डोंगरगढ़।** चौथना में 33/11 केवी सब स्टेशन की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस सब स्टेशन की मांग कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने किया था। श्री लोधी ने कहा कि सब स्टेशन बनने से क्षेत्र को बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। यह सब स्टेशन विकास के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे बिजली व्यवस्था में सुधार होगा। स्वीकृति के लिए श्री लोधी ने छत्तीसगढ़ सरकार और राज्य विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।



### गौठान में सुविधा की मांग

**डोंगरगांव।** बजरंग दल एवं गौ सेवा दल ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर बताया कि करियाटोला गौठन में बिजली, पानी एवं तार फेसिंग की व्यवस्था नहीं है जिससे लेकर पशु पालकों को पशुओं को व्यवस्थित रखने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने व्यवस्था अगले सात दिनों में नहीं सुधरने पर घेराव करने की चेतावनी दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान नीलोत्पल ठाकुर, सिद्धम चोपड़ा, प्रिंस रजक, अमन कुँवर, सरमन सोनी, नितेश सोनकर, प्रतीक साहू, ललित यादव, रूपेश यादव, पूनम यादव, अलेक, उत्कर्ष यादव आदि उपस्थित थे।

## नवा बिहान के तहत साइबर एवं नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान

# एक युद्ध नशे के विरूद्ध सायबर रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

म्युनिसिपल स्कूल मैदान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छग स्पीकर डॉ. रमन सिंह द्वारा सायबर एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध सायबर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग "नवा बिहान" के तहत 15 अक्टूबर को सायबर एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध जन-जागरूकता अभियान कार्यक्रम हुआ। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छग स्पीकर डॉ. रमन सिंह द्वारा संयुक्त रूप से म्युनिसिपल स्कूल मैदान में सायबर एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो जिले के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के हाट-बजार व सार्वजनिक जगहों पर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे।



### सेल्फी लेकर सायबर क्राईम से बचने किया जागरूक

पुलिस द्वारा कमला कॉलेज के सामने सायबर क्राइम से बचने सायबर लेन जागरूकता का आयोजन किया गया था। जिसमें कलेक्टर संजय अग्रवाल, आईजी राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा सायबर वॉलंटियर के साथ सेल्फी जोन में सेल्फी लेकर लोगों को सायबर क्राईम से बचने के लिए जागरूक रहने हेतु कहा गया। इस अभियान में राजनांदगांव पुलिस द्वारा सभी स्कूलों एवं कॉलेजों के बच्चों, सभी डॉक्टर, सभी वर्किंग क्लास के लोगों को जोड़े जा रहा है। एसपी गर्ग ने अपील करते कहा कि इस मुहिम में सभी लोग अधिक से अधिक लोग जुड़े और जागरूक हो खुद को बचाएं और अपने परिवार को भी बचाएं।

### अधिकारियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर राजनांदगांव संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, डीएसपी भोगीलाल, सायबर प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, थाना डोंगरगढ़ प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर, सायबर से सउनि द्वारिका प्रसाद लाउत्रे एवं सायबर स्टाफ व सायबर वॉलटिंयर उपस्थित थे।

# दुकानों के आबंटन में गड़बड़ी का आरोप

- निर्धारित राशि से अधिक किया वसूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्वांर नवरात्रि मेला के दौरान मीना बाजार एवं दुकानों के आबंटन में लाखों रूपए गबन का मामला प्रकाश में आया है। भाजपा- कांग्रेस की संयुक्त बैठक में मामला उजागर होने के बाद जनप्रतिनिधियों ने शिकायत किया है। इधर सीएमओ सीके शर्मा ने पार्षदों के आरोप की जानकारी होने इंकार करते हुए कहा कि गड़बड़ी हुई होगी तो जांच कर कार्रवाई किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार क्वांर नवरात्रि के एक दिन पूर्व लगभग 800 से 900 दुकान आबंटित किया गया था, जबकि नगर पालिका में 1750 रूपए की 301 और 650 रूपए की लगभग 100 दुकानों को आबंटन कर 4 लाख 87 हजार जमा हुआ है। करीब 100 स्टालों, खोमचे ठेलों की 17 अक्टूबर तक रसीद काटी गई थी। यह मामला सामने आने के बाद आनन-फानन में कुछ दुकानों की रसीद काटने का मामला प्रकाश में आया है।

### तीन गुना राशि वसूल

जानकारी के अनुसार कई जनप्रतिनिधि एवं प्रभावशाली लोगों को बिना रसीद जमा किए दुकान आबंटित किया गया था। नगर पालिका द्वारा जो रसीद काटी गई है उसमें अंकित राशि से तीन गुना अधिक वसूलने का भी आरोप लग रहा है। कई वर्षों से जिन लोगो के नाम से दुकान आबंटन किया जाता रहा है उन्होंने पालिका से सांठगांठ कर 1700 की दुकानों को पांच से सात हजार तथा 650 रूपए वाली दुकान को 2 से 3 हजार में अन्य को दे दिया था।

### कर्मचारियों में हड़कंप

मामला सामने के बाद पालिका कर्मचारी सकपका गए है। रियों पार्जिस्व अधिकारी एवं कर्मचारी सख्ते में भी आ गये है। इस मामले की तहसीलदार के माध्यम से जांच शुरू होने की बात सामने आई है। नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी इस मामले की पुष्टि नही कर रहे है। पालिका के अध्यक्ष सुदेश मेश्राम मामले की जांच को लेकर गंभीर है। उन्होंने पार्षदों की बैठक के बाद मामले की उच्च स्तरीय शिकायत करने की कही है।

## पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8319268069, 9425565082**

# मनरेगा के क्रियान्वयन पर कार्यशाला

**बांधाबाजार।** सृष्टि स्वयंसेवी संस्था दक्कोटोला ने मनरेगा के प्रभावी क्रियान्वन हेतु कार्यशाला का आयोजन ग्राम चिरचारी में किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में रानी दुर्गावती एवं लाल श्याम शाह के चित्र पर संस्था के संयोजक केशव गुरनूले, कार्यक्रम अध्यक्ष लालसिंह धुर्वे, बाजीराव मांझी, प्रबल सिंह सलामे, पंच जयवंतीन बाई कवडो ने माल्यार्पण किया। कार्यशाला में 15 ग्राम के 64 लोग शामिल हुए। इस दौरान देसी साग सब्जियों की प्रदर्शनी लगाया गया था। ग्राम वन अधिकार समितियों ने अपने रिकॉर्ड का प्रदर्शन किया। प्रास्ताविक भाषण परियोजना समन्वयक जयदेव मोहुर्ले ने दिया। संयोजक श्री गुरनूले ने वनों का इतिहास और गांव की भूमिका पर प्रकाश डाला। स्रोत व्यक्ति अनिमेष राय ने कहा कि सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन अधिनियम मान्यता प्रमाण पत्र मिलने के उपरांत ग्राम सभा को संवैधानिक रूप से सशक्त करना पड़ेगा। ग्रामसभा में सहभागिता बढ़ाना होगा।



रिसोर्स पर्सन ने प्रशिक्षणार्थियों को 4 समूह में बांट कर पहले एवं दूसरे ग्रुप को मनरेगा अंतर्गत होने वाले कार्य, अन्य दो समूह को ग्राम सभा सशक्त करने में ग्रामीणों की भूमिका पर चर्चा किया।

### अग्निबाण से करेंगे रावण का दहन

**जेवरतला रोड।** बोइरडीह में कल 17 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा, दशहरा मनाया जाएगा। ग्राम का दशहरा पूरे अंचल में प्रसिद्ध है। दूर-दूर से लोग इस उत्सव को देखने आते हैं। गांव के पं. त्रिलोकी शर्मा ने बताया कि 1968 में क्रांकिट से 20 फीट की बैठी रावण की मूर्ति स्थापित किया गया है। दशहरे के दिन ढोल नगाड़े के साथ राम लक्ष्मण व उनकी सेना जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए झांकी रूपी हाथी में सवार होकर रावण के मूर्ति के पास पहुंचकर अग्निबाण छोड़ने की रस्म अदा करते है। रामलीला मंडली द्वारा राम रावण संवाद प्रस्तुत किया जाएगा। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में जीवन ज्योति छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी जीर्राटोला का कार्यक्रम होगा।



## आरक्षण प्रक्रिया का इंतजार

# वोटर लिस्ट प्रकाशित, दावा आपत्ति 22 तक आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगरीय निकाय निर्वाचन की घोषणा होने के पहले प्रशासन ने प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दिया है। चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों को आरक्षण प्रक्रिया का इंतजार है। आरक्षण के बाद राजनीतिक सरगर्मी बढ़ जाएगी।

जानकारी के अनुसार एसडीएम ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आहूत किया। बैठक में मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन की जानकारी देते हुए वार्डवार मतदाता सूची उपलब्ध कराया गया।

नगरीय क्षेत्र के लिए स्थापित मतदान केन्द्र में 16 से 22 अक्टूबर तक कार्यालयीन दिवस में प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक तथा 23 अक्टूबर को 10 बजे से 3 बजे तक मतदाता सूची का अवलोकन कर दावा - आपत्ति नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। बैठक में मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, कालेज के जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश पटेल, नपं उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, रोशन यदु, संजय मुटकुरे, संतोष यादव, कोमल साहू आदि उपस्थित थे।



### चुनावी सुगबुगाहट शुरू

शहर में चुनाव को लेकर सुगबुगाहट तो शुरू हो गई है किन्तु सभी को आरक्षण प्रक्रिया का बेताबी से इंतजार है। अध्यक्ष एवं वार्डवार आरक्षण के बाद चुनाव लड़ने की चाह रखने वाले टिकट हासिल करने के लिए मशक्कत शुरू करेंगे। उल्लेखनीय है कि स्थानीय नगर पंचायत में करीब 15 सालों से कांग्रेस को बहुमत मिलते रहा है। इस बाद प्रदेश की राजनीतिक फिजा बदलने के बाद भाजपा काफी उम्मीद जदा है। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने की चाह काफी लोग रख रहे हैं किन्तु आरक्षण प्रक्रिया नहीं होने के कारण कोई भी खुलकर सामने नहीं आ रहा है।

### दशहरा एवं कार्यक्रम आज

**टाटेकसा।** ग्राम भर्रीटोला ब में ग्रामवासियों के तत्वावधान में कल 17 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर दशहरा एवं रामलीला का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। रात्रि 10 बजे भुईयां के सिंगार होचेटोला का रंगारंग कार्यक्रम रखा गया है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गणपति पंडाल में दीप यज्ञ



**छुरिया।** मासुलकसा में बुंदेश्वरी साहू एवं डां. दिग्विजय साहू ने गणपति पंडाल में सामूहिक दीप यज्ञ का आयोजन किया। दीप यज्ञ के माध्यम से गायत्री परिवार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास डॉ दिग्विजय साहू एवं बुंदेश्वरी साहू द्वारा लगातार किया जा रहा है। वह समय-समय पर प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ आयोजन करवाते रहे हैं। वर्तमान में समूहिक साधना, दीप यज्ञ एवं बलिवैश्य यज्ञ से जन जन को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। यह जानकारी अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने दी।

### अवतरण दिवस पर खीर पूरी वितरित



**डोंगरगांव।** समाधिस्थ जैनाचार्य विद्यासागर जी महामुनिराज के अवतरण दिवस तथा आचार्य समय सागर जी महाराज के जन्मदिन के मौके पर जैन समाज के युवाओं और बच्चों ने कीर्ति स्तंभ के पास कार्यक्रम आयोजित कर खीर पुड़ी का वितरण किया।

### प्रदेश में कानून व्यवस्था तार-तार : साहू



**चिचोला।** जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने प्रदेश में बढ़ रहे अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गृहमंत्री विजय शर्मा कानून व्यवस्था को दुरूस्त करने के बजाय उलजुलूल बयानबाजी कर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं। श्री साहू ने सूरजपुर में प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या को लेकर कहा कि जब एक दिन पहले आरक्षक पर गर्म तेल उडेला था, तब पुलिस ने सतर्कता नहीं बरता जिसके चलते दो को असमय अपनी जान गंवाना पड़ गया। इससे पहले बलौदाबाजार में कलेक्ट्रेट को आग के हवाले किया गया था। कवर्धा के लोहारीडीह में भी इसी तरह की घटना घटित हुई। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने में गृहमंत्री असफल साबित हो रहे हैं।

## निधन



### उदयराम कंवर

**डोंगरगढ़।** सिरदार खपरी निवासी उदयराम कंवर का निधन 15 अक्टूबर को हो गया। वह चार पुत्र महेंद्र कंवर, सूरज कंवर, अशोक कवंर व प्रकाश कंवर और दो पुत्री प्रमिला चंद्रवंशी एवं पूर्णिमा चंद्रवंशी का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### उर्मिलाबाई सिन्हा

**राजनांदगांव।** ग्राम मकरनपुर निवासी उर्मिलाबाई सिन्हा उम्र 85 वर्ष का 16 अक्टूबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम मकरनपुर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे तीन पुत्र व दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई।

# वेतन विसंगति सहित पांच मांग, 24 को शिक्षक संघर्ष मोर्चा की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वेतन विसंगति दूर करने सहित अन्य पांच मांगों को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग पूरी नही होने की दशा मे 24 अक्अूबर से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

मोर्चा के जिला संचालक रामलाल साहू, छुईखदान ब्लॉक संचालक कौशल श्रीवास्तव, खैरागढ़ ब्लाक संचालक दुर्गेश कुमार सोनी के नेतृत्व मे शिक्षकों ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव सहित वित्त विभाग संचानालय के नाम अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल को सौंपे ज्ञापन मे कहा कि वेतन विसंगति दूर कर एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान देने, उसका विभागीय आदेश जारी करने, पुनरीक्षित वेतनमान का सही निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना कर 20 साल पूरा करने पर पूरे पेंशन का प्रावधान करने और शिक्षक संवर्ग व कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 24 से चार प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर्स के साथ देने की मांग की है।



जिला संचालक रामलाल साहू ने बताया कि प्रदेश के चार बड़े शिक्षक संगठनों द्वारा मोर्चा का गठन कर सहायक शिक्षक, प्रधान पाठक, शिक्षक या व्याख्याता सभी की मांगों को इसमे शामिल किया गया है और इन्हीं मांगों को पूरा करने शासन के उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि मांगे नहीं मानने की स्थिति मे 24 अक्टूबर को प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय में शिक्षक संवर्ग रैली निकालकर धरना प्रदर्शन करेगा। इस दौरान ज्योति केहरी, प्रणय महोबे, भगवती प्रसाद सिन्हा, संजूराम कंवर, गांधीराम साहू, कोमल चंद कोठारी, दिगेश दीक्षित, दूजराम साहू, संतोष तोड़े, विक्की नेताम, टीकाराम देशमुख, हब्बू कंवर, केजू राम, राजेश लोधी, तोकराम सिन्हा, खेमचंद साहू, नंदकिशोर सिमकर, पूर्णेश वैष्णव, विकास चोपड़ा, प्रदीप गायकवाड़, दीपक गायकवाड़ सहित बडी संख्या मे शिक्षक मौजूद थे।

## घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग, पांच जगह छापा, 15 नग जब्त



**खैरागढ़।** घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग की शिकायत पर खाद्य विभाग ने औचक निरीक्षण के दौरान 5 प्रतिष्ठानों में दबिश देकर 15 नग घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किया। सहायक खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर, खाद्य निरीक्षक विनोद सागर, मनीष ध्रुव, गरिमा शोरी, डालेश्वरी देवदारे सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग की लगातार शिकायतों के मद्देनजर होटलों में दबिश दी और घरेल गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय व वितरण विनियमन ओदश के तहत कारवाई कर सिलेंडर जब्त किया है। अधिकारियों ने होटल नर्मदा से 5 नग, होटल सीजी 33 से 3 नग, मां अन्नपूर्णा मेस व कैफे से 3 नग और अग्रवाल भोजनालय से 1 नग घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते पाए जाने पर जब्ती की कारवाई कर प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय प्रेषित किया है।



## फेल साबित हो रही सरकार: मरकाम

**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम ने प्रदेश की भाजपा सरकार को पूरी तरह फेल बताया है। उन्होंने अपराधिक मामला बढ़ने पर कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है। देवी दर्शन करने पहुंचे श्री मरकाम का विधायक, पूर्व विधायक एवं जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया। कांग्रेस में वाद-विवाद एवं मनमुटाव की स्थिति को लेकर उन्होने जानकारी लेने के बाद तालमेल के साथ त्रिस्तरीय पंचायत एवं निकाय चुनाव में कांग्रेस की जीत का दावा किया। उन्होने छग में विधानसभा, लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा में कांग्रेस की हार को लेकर कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आएगी।

# राजपूत महासभा के नियमावली संशोधन पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- पंजीयक फर्म व संस्था रायपुर ने दी स्वीकृति
- राजपूत क्षत्रिय महासभा ने किया स्वागत

राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादाह 1282 द्वारा प्रस्तावित नियमावली के महत्वपूर्ण संशोधनों को पंजीयक फर्म व संस्था रायपुर ने स्वीकृति दी है। महासभा सदस्य कमलेश्वर सिंह ने बताया कि क्षत्रिय महासभा रहटादाह 1282 का पंजीयन अविभाजित मप्र में सन 1969 को किया गया था तब से काफी उतार चढ़ाव के साथ समय के कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है इसी क्रम में समय, काल और परिस्थिति अनुसार महासभा की केंद्रीय कार्यकारिणी व निर्णायक समिति ने महासभा के नियमावली में महत्वपूर्ण संशोधन का प्रस्ताव पारित कर पंजीयक को प्रेषित किया था जिसे पंजीयक रायपुर 24 अक्टूबर को स्वीकृति दी गई है।



कमलेश्वर सिंह ने बताया कि संशोधित प्रस्ताव मे प्रमुख रूप से महासभा के छत्तीसगढ़ कार्यक्षेत्र में 37 उपसमिति को मान्यता दी गई है। केंद्रीय निर्णायक समिति की बैठक में उपसमिति अध्यक्ष व सचिव को शामिल करने, युवा मंडल और महिला मंडल के पदाधिकारियों को महासभा के पदों मे शामिल करने और केंद्रीय पदाधिकारी के निर्वाचनों में सक्रिय सदस्यों को मत देने का अधिकार देने की बात रखी गई थी। उनहोंने बताया कि महासभा के संविधान संशोधन का राजपूत क्षत्रिय महासभा सदस्यों ने स्वागत किया है। महासभा संगठित रूप से अनुशासन मे रहते हुए सामाजिक उत्थान, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, वैज्ञानिक गतिविधियों को सकारात्मक रूप से संचालित कर रही है। सामाजिक एकता को विखंडित करने वाले यदा कदा विघ्न संतोषी तत्वों की गतिविधियों को नजर अंदाज करते हुए अंधविश्वास को तोड़ने गैरवाजिब प्रथाओं को समाप्त करने मे सफल हुई है। उन्होंने कहा कि महासभा के नियमावली मे संशोधन व समाज की गतिविधियों को वैधता प्रदान करने में वर्तमान और पूर्व पदाधिकारियों बजरंग सिंह बैस, रमेश सिंह ठाकुर, ठा विष्णु सिंह बघेल, कमलेश सिंह, घनश्याम सिंह चौहान, अश्वनी सिंह ठाकुर, नीरज क्षत्रिय, होरी सिंह डोड, अशोक सिंह सत्येंद्र सिंह, अजय सिंह सहित सभी उपसमिति पदाधिकारियों व सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**समक्षः-न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग)**

**ज्ञापन**

व्य.वाद प्र.क्र. 17अ/ 2018 श्रवण तिथि 08/11/2024
प्रोसेस नम्बर :- 257/24
केशव साहू आवेदक/वादी
//विरुद्ध//
रामखिलावन वगैरह अनावेदक/प्रतिवादी
बनाम-अनूपा बाई पति भग्गु साहू
ग्राम सिरदारटोला (लाटाकोडो) पो० तिखेभेटा तह०अम्बागढ़ चौकी जिला-एमएमसी (छ०ग०)

वादी के द्वारा रामखिलावन वगैरह के विरूद्ध इस न्यायालय में व्यवहार वाद अंतर्गत संविदा के विशिष्ट परिपालन अथवा अग्रिम राशि की वापसी हेतु पेश किया गया है। रामखिलवान साहू के द्वारा ग्राम कसारी तह० डोंगरगढ़ स्थित अपने सामिलात खाते की अपने हिस्सा की कृषि भूमि खसरा नं0 653 रकबा 1.29 एकड़ को 6,01,000 रूपये में विक्रय करने का केशवराम देवांगन से पक्का सौदा किया था तथा केशवराम देवांगन से कुल 5,00,000 रूपये नगद प्राप्त किया था। रामखिलावन के द्वारा केशवराम देवांगन के पक्ष में विक्रय पत्र पंजीयन नही कराया गया है और न ही राशि वापस की गई है। इसलिए वादी के द्वारा वाद प्रस्तुत किया है। अतः आपत्ति ईस्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है, तथा अपेक्षा की जा रही है कि आप, न्यायालय में पेशी दिनांक 08/11/2024 को प्रातः 11:00 बजे आवेदन का उत्तर देने के लिए, इस न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावे संबंधित सारवान तथ्यो का उत्तर दे सके, या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नो का उत्तर दे सके, आपको यह भी निर्देश दिया है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजो को पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आप को सूचित किया जाता है कि आप अथवा आपका प्लीडर उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नही होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को सार्वजानिक अवकाश घोषित किया जाता है या यदि किसी कारणवश कार्य स्थगित किया जाता है तो अगले कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

अतः आज तारिख 10/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(भूपत सिंह साहू)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)






## सार समाचार

### तिथि में वृद्धि को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** शासकीय महंत राजा दिग्विजय दास महाविद्यालय



राजनांदगांव में परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2024 है, जो आज समाप्त हो गई है और कई विद्यार्थी ऐसे हैं, जो परीक्षा फार्म नहीं भर पाए हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते यह मांग की है कि परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को जल्द से जल्द आगे बढ़ाया जाए। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मुख्य दायित्वान कार्यकर्ता नगर सहमंत्री निकिता श्रीरंगे, प्रतीक गढ़वाल, भूपेंद्र पाल व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गीता यादव का हॉकी इंडिया लीग में चयन



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ हॉकी की होनहार हॉकी खिलाड़ी गीता यादव का चयन आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाली हॉकी इंडिया लीग के लिए हुआ है। हॉकी इंडिया द्वारा 7 साल के अंतराल के बाद हॉकी लीग पुनः प्रारंभ की जा रही है और पहली बार महिला वर्ग में भी इसका आयोजन हो रहा है। प्रतियोगिता में सूरमा हॉकी क्लब, हरियाणा और पंजाब, श्राची रहर बंगाल टाइगर्स, पश्चिम बंगाल, दिल्ली एसजी पाइपर्स, नई दिल्ली, ओडिशा वॉरियर्स, राउरकेला की टीमों के बीच लीग मैच खेले जाएंगे। गीता यादव कबीरधाम जिले के ग्राम बोड़ला की रहने वाली है।

#### हॉकी स्टेडियम में खेलते सीखी बारिकी

गीता प्रारंभ से ही राजनांदगांव हॉकी स्टेडियम में हॉकी के गुण सीखी है तथा 3 वर्ष तक राजनांदगांव में रहकर हॉकी की बारीकियां सीखकर अपनी पहचान बनाई। उसके बाद उसका चयन खेलो इंडिया सेंटर बहतराई बिलासपुर के लिए हुआ था। गीता के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर जूनियर इंडिया कोर टीम के लिए चयन हुआ था। गीता यादव वर्तमान में जूनियर इंडिया कोर टीम बैंगलोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

### विस अध्यक्ष के जन्मदिन पर आयोजन, सीएम ने कहा: डॉ. रमन विकास पुरुष

# सम्मेलन में कवियों के हास्य व्यंग्य पर लगे जमकर ठहाके, देर रात तक जमे रहे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ.रमन सिंह के जन्मदिन पर युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन का कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा। सीएम विष्णुदेव साय सहित छत्तीसगढ़ सरकार का लगभग मंत्रिमंडल एवं दर्जनभर विधायकों की उपस्थिति में देश के जाने-माने कवि कुमार विश्वास, डॉ.सुरेंद्र दुबे सहित अन्य कवियों ने जनता का मन मोह लिया। इस कवि सम्मेलन में जिलेभर के करीबन 50 हजार श्रोता पहुंचे थे। खास बात यह रही कि इस कवि सम्मेलन में मंच संचालन का काम स्थानीय सांसद संतोष पांडे ने की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने देर रात्रि तक कवि सम्मेलन में कविता पाठ का आनंद लिया। मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने सभी कवियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके स्वस्थ, सुदीर्घ, खुशहाल एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि आज 15 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए गौरव का क्षण है।

डॉ. रमन सिंह छत्तीसगढ़ के विकास पुरूष हैं। उन्होंने 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की सेवा की है। कवि सम्मेलन में प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, हास्य कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, गीत एवं गजल गायिका डॉ. सुमन दुबे, वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी, हास्य कवि दिनेश बावरा ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया। कविता, गीत, गजल एवं हास्य कविताओं के इस खुशनुमा लम्हों के राजनांदगांव नगरवासी साक्षी बने।

#### जन्मदिन पर हुए स्वागत से अभिभूत हूं : डॉ.रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज सुबह से रात तक रायपुर से राजनांदगांव तक सभी ने जन्मदिन पर जो स्वागत किया, उसके लिए अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले ने उन्हें एक नई पहचान दी है और परिवर्तन की यात्रा राजनांदगांव की धरती से प्रारंभ हुई। जिसके लिए उन्होंने सभी का अभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की धरती में जो कोई आता है, उसका विकास होता है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव मेरा अभिमान और मेरा स्वाभिमान है।

#### पहले दुबे, फिर कुमार ने बांधा समां

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की शुरूआत दिनेश बावरा ने की, उनके बाद डॉ. सुमन दुबे फिर पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे ने लोगों को ठहाके लगवाए। जिसके बाद कवयित्री कविता तिवारी ने प्रस्तुति दी। अंत में प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने एक से बढ़कर एक कविताएं सुनाई, जिसे सुनकर श्रोता अभिभूत हुए। कवियों ने वाहवाही लूटी।

#### कार्यक्रम को सफल बनाने आभार : बैद

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उम्मीद से अधिक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा के न केवल डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन को खास बना दिया, बल्कि आने वाले समय में इससे भी बेहतर आयोजन कराने की ऊर्जा उन्हें दी है। उन्होंने बताया कि मैदान में करीबन 50 हजार लोगों की उपस्थिति की व्यवस्था की गई थी।

#### शामिल रहा पूरा मंत्रिमंडल

इस अवसर पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा, केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केबिनेट मंत्री केदार कश्यप, केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, केबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल, केबिनेट मंत्री लखन देवांगन, केबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायकों में रेणुका सिंह, गुरू खुशवंत साहेब, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद सरोज पाण्डेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, प्रेमप्रकाश पाण्डेय, महेश गागड़ा उपस्थित रहे।

# 'हमारी संस्कृति हमारी धरोहर' किताब का विमोचन

- भारतीय संस्कृति, धार्मिक पूजा-पाठ की कहानियों और सामाजिक रीति-रिवाजों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का एक विशेष प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार को म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में श्रीमती सीमा गर्ग द्वारा लिखित हमारी संस्कृति हमारी धरोहर किताब का विमोचन किया। मुख्यमंत्री साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने लेखिका श्रीमती सीमा गर्ग को किताब के लिए शुभकामनाएं दी।

लेखिका श्रीमती सीमा गर्ग ने बताया कि हमारी संस्कृति हमारी धरोहर किताब भारतीय संस्कृति, धार्मिक पूजा-पाठ की कहानियों और सामाजिक रीति-रिवाजों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का एक विशेष प्रयास है। उन्होंने कहा कि बदलते सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य ने नई पीढ़ी को संस्कृति से कुछ हद तक दूर कर दिया है। ऐसे में यह किताब एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शिका साबित होगी। बताते चले कि लेखिका श्रीमती गर्ग राजनांदगांव जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की मां है। इस अवसर पर कलेक्टर संजय संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

#### आने वाली पीढ़ियों को मिलेगी मदद

लेखिका श्रीमती गर्ग ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी धरोहर किताब हमारी सांस्कृतिक धरोहर को न केवल संजोकर रखेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे समझने और अपनाने में भी मददगार होगी। उन्होंने बताया कि इस किताब को लिखने की प्रेरणा कोविड महामारी के दौरान अपने बड़े बेटे की शादी के समय मिली। उन्होंने देखा कि नारायणपुर जिले में शादी समारोहों के दौरान हमारे पारंपरिक रीति-रिवाजों के प्रति नई पीढ़ी की जागरूकता कम होती जा रही है। इस अनुभव को ध्यान में रखते एवं वर्षों के अनुभव और पुरखों से सीखे धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों तथा पूजा अनुष्ठानों की जानकारी इस किताब में संकलित की गई है। यह किताब न केवल सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करती है, बल्कि यह एक अनूठा और वस्तुतः पहला ऐसा संकलन है। जिसमें विभिन्न रीति-रिवाज और पूजा-पाठ की कहानियों और विधियों का समावेश है। इस किताब को लिखने में परिवार का पूरा सहयोग मिला है।

# ढाबों में पिलाई जा रही शराब ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले के विभिन्न ढ़ाबों में अवैध शराब बिक्री और समय अवधि के बाद भी शहर के अधिकांश बार के संचालन मामले को लेकर जनता कांग्रेस द्वारा पुलिस अधीक्षक और आबकारी अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपते कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं ने आज अपने ज्ञापन के माध्यम से जिला आबकारी अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को अवगत कराते कहा है कि जिले के विभिन्न ढाबों और शहर के अधिकांश बार देर रात तक खुले हुए हैं, जहां शराब परोसी जा रही है। जनता कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मिलाप कुमार और युवा संगठन अध्यक्ष बिलाल खान ने कहा कि ढाबा में खुलेआम शराब पिलाई जा रही है।

निर्धारित समय से अधिक देरी तक शहर में संचालित बार भी खुले हुए हैं, जहां लोगों को शराब परोसी जा रही है। उन्होंने इस मामले में आबकारी अधिकारी और पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है।

#### उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

अवैध शराब के खिलाफ ज्ञापन देने पहुंचे जनता कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते दो दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं किए जाने पर कलेक्टोरेट कार्यालय के गेट पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

# एनबीआईएस में तीन दिवसीय कार्निवल का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक विकास हेतु तीन दिवसीय इकोस ऑफ टैलेंट कार्निवल का शुभारंभ किया गया। इस कार्निवल के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सतीश वासनिक एवं विशेष अतिथि डॉ. सुजाता वासनिक तथा विशिष्ट अतिथि एनबी ग्रुप के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी रहे। कार्निवल का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा अतिथियों द्वारा की गई।

तीन दिवसीय आयोजित होने वाले कार्निवल में कक्षा नर्सरी से 9वीं एवं 11वीं तक के बच्चे भाग ले रहे हैं। जिसमें प्रत्येक कक्षा अनुरुप विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न कराई जाएगी। प्रतियोगिताओं में फन एंड फिटनेस चैलेंज, बैटल ऑफ ब्रेन, शब्द सृजन, वर्ड विवर्स, विसिनरी वाइब्स के साथ नृत्य, गीत, अभिनय तथा वाद्य यंत्र वादन प्रतियोगिता रखी गई है।

तीन दिवसीय इस कार्निवल प्रतियोगिता में पहले दिन विभिन्न प्रकार के खेलों के साथ क्विज कॉम्पटीशन तथा हिन्दी शब्द सृजन प्रतियोगिता रखी गई है। दूसरे दिन वाद-विवाद प्रतियोगिता के साथ आर्ट (ड्राइंग एवं क्राफ्ट) एवं स्पीच प्रतियोगिताएं रखी गई एवं तृतीय व अंतिम दिवस गायन, वादन, नृत्य तथा अभिनय को जोड़ा गया है। तीन दिवसीय इकोस ऑफ टैलेंट कार्निवल का प्रमुख उद्देश्य बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को उभारना है, ताकि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चे अपनी प्रस्तुति बिना किसी संकोच के दे सके। एनबीआईएस शाला परिवार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहा है, जहां बच्चों को न केवल शिक्षा अपितु संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास कराया जाता है। इस कर्निवल में शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित रहे।

### जनभागीदारी समिति के उपाध्यक्ष नियुक्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जनभागीदारी समिति नियमावली सूची अनुसार जिले के शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति में जिले में पदस्थ अधिकारियों को उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिसके अंतर्गत शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, शास. कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, शासकीय नवीन महाविद्यालय अर्जुनी में तहसीलदार डोंगरगांव, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय घुमका में तहसीलदार घुमका, शासकीय डॉ. बीआर अम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, शास. नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, शासकीय कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय एलबी नगर में तहसीलदार लालबहादुर नगर, शासकीय महाविद्यालय रामाटोला डोंगरगढ़ में तहसीलदार लालबहादुर नगर, शासकीय रानी सूर्यमुखीदेवी महाविद्यालय छुरिया में तहसीलदार छुरिया को जनभागीदारी समिति का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# समिति के मूंदड़ा चेयरमैन, चौधरी और गाजी बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रेडक्रॉस की साधारण सभा का आयोजन किया गया।

कलेक्टर ने बताया कि रेडक्रॉस की नियमावली के अनुसार प्रबंध समिति बैठक की प्रक्रिया में अध्यक्ष एवं सचिव का पद स्थायी रहता है। प्रबंध समिति के गठन के बाद चेयरमैन का चयन समिति सदस्य द्वारा करने के बाद उपाध्यक्ष, सह-सचिव का चयन किया जाएगा। बैठक में दामोदर दास मूंदड़ा को जिला प्रबंध समिति के चेयरमैन निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इस तरह अशोक चौधरी व हलीम बक्श गाजी को उपाध्यक्ष एवं सुशील जैन को सह-सचिव निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारियों को कलेक्टर एवं बैठक में उपस्थित सभी ने बधाई दी।

#### 1659 आजीवन सदस्य

प्रबंध समिति में राज्य प्रबंध समिति के लिए पद्मश्री पुखराज बाफना ने नाम प्रस्तावित किया। प्रबंध समिति गठन पश्चात सचिव सह सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने सभी सदस्यों का स्वागत करते प्रतिवेदन पढ़ा। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस में चार संरक्षक सदस्य व 1650 आजीवन सदस्य हैं। साथ ही रेडक्रॉस की गतिविधियों के तहत पोषण किट, निक्षय मित्र किट, मरीज कोआर्थिक सहायता, नवरात्रि व्यवस्था एवं वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम, जनऔषधि केन्द्र संचालन की जानकारी दी। आय व व्यय समिति के समक्ष रखा, जिसे अनुमोदित किया गया। बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा मेडिकल कॉलेज परिसर में रैन बसेरा संचालन हेतु नगर निगम द्वारा 25000 रुपए व्यय किया जाएगा, जिसे संचालित करने की स्वीकृति, डोंगरगांव में वृद्धाश्रम को डोंगरगांव में समिति गठन कर संचालित करने की स्वीकृति दी गई। रक्तदान महादान के तहत जिला अस्पताल में रक्तदाता को रेडक्रॉस द्वारा प्रमाण पत्र एवं रिफ्रेसमेंट दिया जाने का अनुमोदित किया गया।

#### गांवों में चलेगा अभियान

बैठक में बताया गया कि जिले में वृहद स्तर पर प्राथमिक चिकित्सा उपचार कार्यक्रम चलाकर गांव-गांव में वेलिंटियर तैयार कर प्रशिक्षित किया जाएगा। जिसके लिए जिले से दो डॉक्टर राज्य शाखा से प्रशिक्षित होकर आए हैं। जिनके माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही जूनियर रेडक्रॉस, यूथ रेडक्रॉस के विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। जिसके लिए शिक्षा विभाग व शासकीय दिग्विजय कॉलेज नोडल कॉलेज को आवश्यक कार्रवाई करने कहा गया। रेडक्रॉस की आय की चर्चा करते जेठीबाई धर्मशाला की दुकानों से किराया प्राप्त हो रहा है। जिसमें से कुछ दुकानों का बचा किराया जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### नाराज कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन और किया घेराव

# दो जिलों में 6 माह से नहीं मिल रहा है वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रावास में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और घेराव का आयोजन किया। इस दौरान आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष भी आंदोलन में शामिल हुए।

आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संगठन द्वारा श्रम सम्मान राशि देने, 6 माह से बकाया वेतन भुगतान सहित वेतन निर्धारण की मांग की। तीन प्रमुख मांगों के तहत कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन और घेराव का आयोजन किया। इस आयोजन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धन्नुलाल देवांगन शामिल हुए। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगों को कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन को अवगत कराया है।

#### समिति का हुआ गठन

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धन्नुलाल देवांगन ने कहा कि संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन, घेराव और रैली का आयोजन किया गया था। प्रदर्शन के दौरान ही प्रतिनिधि मंडल को बातचीत के लिए बुलाया गया। जिसमें वेतन निर्धारण प्रक्रिया के लिए समिति गठन किया गया है। समिति द्वारा पत्र कर्मचारियों के दस्तावेज की जांच पश्चात वेतन निर्धारण किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि लगभग डेढ़ साल से बकाया श्रम सम्मान निधि की राशि का भुगतान भी दीपावली पूर्व किए जाने का आश्वासन मिला है।

#### वेतन नहीं

संगठन के संयुक्त जिला अध्यक्ष प्रमोद सिन्हा ने कहा कि राजनांदगांव में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन भुगतान हो रहा है, लेकिन मानपुर-मोहला जिले और खैरागढ़ जिले के कर्मचारियों को 6 माह से वेतन भुगतान नहीं किया गया है।

#### कर्मचारी हुए शामिल

आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों द्वारा आयोजित किए गए इस धरना प्रदर्शन के दौरान ठोस आश्वासन मिलने के बाद संगठन के कर्मचारियों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया है। वहीं ज्ञापन के माध्यम से जल्द से जल्द वेतन भुगतान और श्रम सम्मान राशि देने की मांग की है। इस प्रदर्शन में तीन जिले के कर्मचारी शामिल हुए।

## पृष्ठ 11 का शेष

पृष्ठ 11 का शेष

### रेल टिकट में...

ग्राहक सेवा केंद्र में दबिश दी गई। जिसमें दुकान संचालक राजेश कुमार वर्मा 35 वर्ष को कम्प्यूटर, सीपीयू के माध्यम से व्यक्तिगत आईडी से रेलवे के आरक्षित ई-टिकट बनाने का अवैध व्यापार में संलिप्त पाए जाने पर कार्रवाई के दौरान 16 नग ओल्ड रेल आरक्षित ई-टिकटें अलग-अलग व्यक्तियों के लिए बनाया जाना पाया गया। 16 नग ओल्ड रेल आरक्षित टिकिटों का मूल्य 23027.85 रुपए एवं 01 नग असेंबल्ड सीपीयू कीमत 10000 रुपए को जब्त किया गया। जब्त संपत्ति की कुल कीमत 33027.85 रुपए तथा अपराध स्वीकार करने के पश्चात उसे गिरफ्तार कर रेसुब पोस्ट डोंगरगढ़ लाकर उसके विरुद्ध अपराध क्र.-1050/2024 धारा-143 रेल अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया।

### रामायण गायन आज

**मेढ़ा।** ग्राम में श्रीश्री अभय दुर्गोत्सव समिति शीतला चौक ने कल 17 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर रात्रि में बालिका एकता मानस सिन्हा परिवार कांकेतरा का रामायण गायन का कार्यक्रम रखा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष थानसिंग चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष दल्लू चंद्रवंशी, शशि, कांशी कंवर, धनराम कंवर, हरिराम चंद्रवंशी ने सभी से शामिल होने की अपील की है।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस
राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।
ग्राहक लाने पर 10% कमीशन
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकायें सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।
पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301443163, 7987993140

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### स्वदेशी मेला के उद्घाटन समारोह में कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल

# पीजी कॉलेज मैदान में आज से 23 अक्टूबर तक स्वदेशी मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा। कवर्धा के स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में आज से 23 अक्टूबर तक स्वदेशी मेला का आयोजन किया जाएगा। आज स्वदेशी मेला के उद्घाटन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात चिकित्सक डॉ. एके श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी और प्रांत संयोजक जगदीश पटेल करेंगे।

उद्घाटन समारोह में लोकमंच रंगझांझर सुनील तिवारी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। स्वदेशी मेला कार्यक्रम में अतिथि के लिए पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, दयालदास बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा और बेमेतरा विधायक दिपेश साहू को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। स्वदेशी मेला में कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता, आरती थाली सजाओं, रंगोली, महिला खेल, व्यंजन, जसगीत, मेहंदी, चित्रकला और शिशु वेषभूषा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।




#### विभिन्न राज्यो से स्वदेशी उत्पाद

उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से पहली बार कवर्धा में इसका आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी मेला में विभिन्न राज्यों से स्वदेशी उत्पादों के हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम के अलावा लखनऊ, बिहार, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब और कश्मीर तक के स्टाल की प्रदर्शनी लगेगी साथ ही प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्वदेशी मेला आयोजन के लिए स्थानीय स्तर पर संचालन समिति का गठन किया गया है इसके अतिरिक्त स्थानीय उत्पादों को भी मेले में प्रदर्शनी के लिए स्थान दिया जाएगा। स्वदेशी मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना तथा लोगों तक स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। स्वदेशी मेला को लेकर जिले के नागरिकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। स्वदेशी मेला में 150 से अधिक स्टाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम कें लिए मंच और संचालन के लिए आफिस का भव्य सेटअप बनाया गया है।

# फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के मीडिया साथियों के साथ प्रेसवार्ता लेकर फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 के संबंध में जानकारी दी। इससे पहले कलेक्टर ने राजनैतिक दल की बैठक लेकर फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 के संबंध में जानकारी दी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कबीरधाम जिले के नगर पालिका, नगर पंचायत के आम उप निर्वाचन के लिए अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिये कार्यक्रम जारी किया गया है। कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय चरण में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को किया गया।

निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा आपत्ति करने हेतु 16 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक दावा आपत्ति प्राधिकृत कर्मचारियों के माध्यम से किया जाएगा। द्वितीय चरण में 16 अक्टूबर दिन बुधवार को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करना तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराना, 23 अक्टूबर दिन बुधवार अपरान्ह 3 बजे तक दावा आपत्तियों प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय, 29 अक्टूबर दिन मंगलवार तक दावा आपत्तियों का निपटारे की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। 04 नवम्बर दिन सोमवार तक प्ररूप क्र-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, 08 नवम्बर शुक्रवार तक प्ररूप क्र-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि, निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर दावा आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निर्धारित की गई है। 13 नवम्बर दिन बुधवार तक परिवर्धन, सशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करना, 16 नवम्बर दिन शनिवार तक चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपना, 19 नवम्बर दिन मंगलवार तक अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ सलग्न करना, 22 नवम्बर दिन शुक्रवार तक निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# शिखर युवा मंच ने छात्र-छात्राओं को शासन की योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया



हरिभूमि न्यूज ⏭बोडला

सोमवार को भजानानन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैजलपुर में शासन की योजनाओं तथा कौशल विकास हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिखर युवा मंच द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें कुल 40 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शिखर युवा मंच से संतोष साकत,घुरवा राम धुर्वे,विष्णु मेरावी, शिक्षा टीम से-प्राचार्यश्री जितेन्द्र पटेल, शिक्षक-घनश्याम शर्मा,तेजराम जायसवाल,सतन साकत,मुनीराम मेरावी,सखा राम धुर्वे एवं शिक्षिका-पूजा वर्मा,किर्ती मेरावी,मितेश्वरी मरावी, यामिनी यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं और कौशल विकास के अवसरों के बारे में जानकारी देना था, ताकि वे अपनी शिक्षा और भविष्य को बेहतर दिशा दे सकें। इस अवसर पर सबसे पहले संतोष साकत ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया और कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास भी अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार की विभिन्न योजनाएं इस दिशा में सहायक सिद्ध हो सकती हैं। इसके अलावा विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये योजनाएँ न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि उन्हें अपने व्यवसाय की शुरुआत करने के लिए भी प्रेरित करती हैं। विद्यार्थियों को इन योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और दस्तावेजों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया और योजना के लाभों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि कैसे कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से युवा अपने कौशल में सुधार कर सकते हैं और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

अंत में, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की और कहा कि इससे छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने भविष्य के बारे में अधिक सजग होते हैं। शिखर युवा मंच के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया।

# जैताटोला में पक्की सड़क का सपना अधूरा जन प्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी आई सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭बोडला



जिले से मात्र 15 किलोमीटर और बोड़ला मुख्यालय से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांव जैताटोला और चाहटा जहां लगभग 1400 लोग निवास करते है और परिवार के हिसाब से देखा जाये तो 180 परिवार का निवास है ऐसे में विकास की बात और मूलभूत सुविधा के दृष्टि से देखा जाये तो बदतर स्थिति है। सरकारें आती रही और बदलती रही जनता का सिर्फ राजनीति उल्लू सीधा करने के लिए उपयोग सभी पार्टी ने जमकर किया हर चुनाव में पहली प्राथमिकता पक्की सड़क ही रही पर चुनाव के बाद किसी ने पहल नही की भारत विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन तहसील बोड़ला के जैताटोला गांव के निवासियों के लिए यह विकास केवल एक सपना बनकर रह गया है। यहाँ की पक्की सड़क का निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं हो सका है, जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं। स्थानीय निवासियों की नाराज़गी अब खुलकर सामने आ रही है।जैताटोला के निवासियों का कहना है कि हर चुनाव में नेता यहां आते हैं, वादे करते हैं और चले जाते हैं। हमारा गांव आज भी कच्ची सड़क पर है, जिससे बारिश के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, एक स्थानीय निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा। हर बार चुनाव के समय हमें यही आश्वासन मिलता है कि इस बार सड़क का निर्माण होगा, लेकिन फिर से वही स्थिति। पिछले कुछ वर्षों में कई बार पक्की सड़क निर्माण का आश्वासन दिया गया है, लेकिन आज तक यह सिर्फ वादे ही बने रहे। जैताटोला की सड़क न केवल स्थानीय निवासियों के लिए, बल्कि विद्यार्थियों और किसानों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। गाँव के बच्चों को स्कूल जाने में कठिनाई होती है और किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है।अब आवश्यकता है ठोस कदम उठाने की स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब समय आ गया है कि सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। यहां के लोगों को सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं की सख्त जरूरत है। यदि सरकार विकास की बात करती है, तो इसे केवल वादों तक सीमित नहीं होना चाहिए एक स्थानीय निवासी ने कहा सोचने वाली बातें जो सामने आई वो ये है की, क्या जैताटोला के निवासियों का सपना कभी पूरा होगा?

**न्यायालय तहसीलदार कुण्डा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईशतहार //**

ग्राम - अखरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामप्रसाद निषाद आ.श्री महादेव जाति केंवट निवासी ग्राम अखरा तहसील कुण्डा जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने पत्नि कुर्मोतिन/राप्रसाद की जन्म /मृत्यु दिनांक 17/06/1986 को ग्राम अखरा में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण प्रदान प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन पत्र के साथ चालान की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 18/10/2024 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया।

मुहर — तहसीलदार कुण्डा, जिला-कबीरधाम(छ.ग.)

# वनांचल रेंगाखार क्षेत्र से विशेष पिछड़ी जनजाति के मौत की दुखद खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭रेगाखार



16 अक्टूबर 2024 बुधवार को तड़के सुबह लगभग 07 बजे ग्राम पंचायत बम्हनी के ग्राम बैगाटोला, थाना-रेंगाखार में एक वृद्ध 55 वर्ष बुद्धू बैगा की गांव के पेड़ में फांसी से झूलती लाश मिली अवगत हो कि थाना रेंगाखार में सूचना सुबह 8.45 बजे ग्राम कोटवार एवं मृतक का पुत्र मंगलसिंह बम्हनी ग्रामवासी के साथ थाना जाकर सूचना अवगत किए जिससे बुद्ध बैगा पिता जगेशर बैगा निवासी बम्हनी के बैगाटोला उम्र 55 वर्ष अपने घर के पीछे बाड़ी के इमली पेड़ में फांसी लगा हुआ है पुलिस संज्ञान पश्चात तत्काल घटना स्थल रवाना होकर मामले में कार्यवाही करते हुए लाश हवाले लेकर पंचनामा लेकर रेंगाखार पोस्टमार्टम हेतु ले गए तत्पश्चात रेंगाखार में पोस्टमार्टम एवं पंचनामा पश्चात परिजनों को लाश सौंपी गई, थाना रेंगाखार द्वारा मामले पर अपराध क्रमांक 9/24 पर मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने उपरांत की जाएगी।

हरिभूमि पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

#### लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का अनुरोध

# डॉ अब्दुल कलाम के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭बोडला



मंगलवार को स्वामी भजानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर को विश्व छात्र दिवस के रूप में भी मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन शिखर युवा मंच द्वारा किया गया था, जिसमें विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और शिखर युवा मंच के सदस्य सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम की प्रारंभ भारत माता की जयकारों और वंदना से हुई, जिससे पूरा माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया।

इसके पश्चात महान वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की प्रेरणादायक जीवन यात्रा पर एक लघु फिल्म दिखाई गई। इस फिल्म में डॉ कलाम के जीवन के संघर्षों, उनके वैज्ञानिक योगदान और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को दर्शाया गया, जो विद्यार्थियों के लिए बहुत प्रेरणादायक था।

फिल्म के बाद छात्रों से उनकी प्रतिक्रिया ली गई, जिसमें उन्होंने डॉ. कलाम के विचारों से प्रभावित होकर अपने विचार व्यक्त किए। शिखर युवा मंच से उपस्थित संतोष साकत, घुरवा राम धुर्वे, और विष्णु मरकाम ने भी छात्रों को संबोधित किया।

उन्होंने डॉ कलाम के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की अपील की। संतोष साकत ने कहा कि डॉ कलाम ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिखाया कि अगर हम बड़े सपने देखते हैं और उन सपनों को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करते हैं, तो हम किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

घुरवा राम धुर्वे ने छात्रों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि कलाम जी का जीवन इस बात का उदाहरण है कि शिक्षा हमें न केवल ज्ञान देती है, बल्कि समाज में बदलाव लाने की शक्ति भी देती है। साथ ही शिखर युवा मंच से शिव डहरे औऱ राजेंद्र खूंटे ने स्वच्छता का संदेश देकर हाथ धोने के विधि को अभ्यास कार्य के माध्यम से बताया और छात्राओं को अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु अनुरोध किया।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

विकास कार्य: समृद्ध कवर्धा-सुव्यवस्थित कवर्धा की मॉडल पर विकसित होगा कवर्धा शहर

# सुव्यवस्थित विकास कार्यों के लिए 28 करोड़ की कार्ययोजना तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले का सबसे बड़ा कवर्धा शहर एक समृद्ध कवर्धा-सुव्यस्थित कवर्धा के मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। पूरे प्रदेश में एक मॉडल नगर पालिका के रूप में विकसित करने के लिए चार बड़े-बड़े कार्ययोजना तैयार हो रहे है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से यह कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इन चार बड़े प्रस्तावित विकास मूलक कार्यो के लिए लगभग 28 करोड़ रुपए का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जाएगा।

इसके अलावा कवर्धा शहर के चौक-चौराहों का सौदर्यीकरण, सड़कों का निर्माण, कॉलोनियों में बुनियादी व मूलभूत सुविधाओं तथा आवश्यकताओं के ध्यान में रखते हुए अलग-अलग कार्य योजनाएं भी बनाई जाएगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया तथा प्रस्तावित कार्ययोजना की ड्रांईग, नक्शा का अवलोकन करते हुए भूमि आंबटन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि इस प्रस्तावित कार्ययोजना के लिए लगभग 28 करोड़ रूपए की बजट लग सकती है। कलेक्टर ने प्रस्तावित कार्यो का बजट प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को शीघ्रता से प्रेषित करने के निर्देश दिए है। उन्होने प्रस्तावित भूमि का विधिवत भूमि आंबटन की कार्यवाही करने जिला नजूल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री देवांगन को निर्देशित किया। समृद्ध कवर्धा-सुव्यस्थित कवर्धा के मॉडल शहर के रूप में तैयार की गई 4 प्रस्तावित कार्ययोजनाओं बैंकिंग कंपोजिट परिसर-मार्ग, सुव्यस्थित उद्यान, सुसज्जित चौपाटी, सर्वसुविधायुक्त डोम और भक्त-दर्शनार्थी प्रतिक्षालय शामिल है। कंपोजिट बैंकिग कॉम्पलेक्स पूरानी मंडी परिसर में प्रस्तावित है। जिसमें सभी बैकर्स को एक परिसर में लाने की योजना है। इस कार्य के लिए प्रस्तावित बजट 20 करोड 40 लाख रूपए का आंकलन किया गया है।

## बुढ़ा महादेव मंदिर समीप बनेगा सर्वसुविधायुक्त डोम



पुराना अस्पताल परिसर में सुव्यस्थित उद्यान, मांगलिक भवन, ओपन जिम पॉथ-वे, सहित सौदर्यीकरण का कार्य शामिल है। इसके लिए प्रस्तावित बजट 5 लाख 30 लाख रूपए तैयार की गई है। बुढ़ा महादेव मंदिर समीप बनेगा सर्वसुविधायुक्त डोम और भक्त-दर्शनार्थी प्रतिक्षालय - प्रस्तावित बजट 1 करोड़ 53 लाख रूपए का कार्ययोजना बनाई गई है। बतादे की बुढ़ा महोदव जिले को ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरात्तविक तथा जनआस्था का केन्द्र है। यहां प्रतिवर्ष सावन माह में हजारों की संख्या में कांवड़िया और दर्शनार्थी आते है। बुढ़ा महोदव मंदिर से छत्तीसगढ़ के पुरातत्व तथा ऐतिहासिक महत्व के स्थल भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा का आयोजन होता है। सर्वसुविधा युक्त डोम के निर्माण होने से उस सभी दर्शनार्थियों तथा श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओ का विस्तार होगा। इसके अलावा कवर्धा नगर पालिका के सामने सुव्यस्थित चौपाटी, गार्डन सहित सौदर्यीकरण का कार्य शामिल है। चौपाटी के लिए राज्य शासन से एक करोड़ रूपए की स्वीकृति मिल गई। टेंडर प्रक्रिया में, शीघ ही चौपाटी का काम शुरू होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समृद्ध कवर्धा-सुव्यस्थित कवर्धा के मॉडल शहर के रूप में विकसित करने के लिए सभी प्रस्तावित कार्य के लिए बजट की मांग के लिए राज्य शासन को भेजने के लिए कवर्धा नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए है।

### सुव्यस्थित कवर्धा के लिए कार्ययोजना और भूमि आबंटन की कार्यवाही शीघ्रः कलेक्टर

कवर्धा नगर पालिका के विकास को ध्यान में रखते हुए चार बड़े कार्यो के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। इन कार्य योजनाओं में बैंकिंग परिषर, चौपाटी, सर्वसुविधायुक्त गार्डन और सेवा भक्ति प्रतीक्षालय 28 करोड़ रुपए का कार्ययोजना तैयार गई है, इसकी स्वीकृति के लिए राज्य शासन को प्रेषित की जाएगी। प्रस्तावित स्थलों के भूमि आबंटन की कार्यवाही भी शुरू हो गई है। इसके अलावा आवश्यकतानुसार शहर के चौक-चौराहों के सौदर्यीकरण और इसके अलावा सड़कों का निर्माण, कॉलोनियों में बुनियादी और मूलभूत सुविधाओं तथा आवश्यकताओं के ध्यान में रखते हुए अलग-अलग कार्य योजनाएं भी बनाई जाएगी।



## कोलेगांव गोठान में लगे सौर ऊर्जा व मोटर पंप शोपीस

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

ग्राम पंचायत कोलेगांव सहित पंडरिया विधानसभा अंतर्गत एसे कई ग्राम पंचायत में है। जिसमें शासन प्रशासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर नवरा-गरवा-घुरवा व बाड़ी के तहत गौठान में सौर ऊर्जा व मोटर पंप तथा भवन निर्माण कराया गया था। जो वर्तमान में कांग्रेस शासनकाल में संचालित महत्वपूर्ण योजना नरवा-गरवा-घुरवा व बाड़ी योजना भाजपा शासन काल में बंद होने से ग्राम पंचायत कोलेगांव के गौठान में लगे भारी लागत राशि से सौर ऊर्जा व मोटर पंप सिर्फ और सिर्फ शोपीश की तरह खड़ी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत में गौठान मे नरवा-गरवा-घुरवा व बाड़ी तथा सौर ऊर्जा मोटर पंप किसी काम का नहीं आ रहा है वहीं महत्वकाक्षी योजना बंद होने से ग्रामीण मजदूर व स्वयं सहायता समूह का जीविका पूरी तरह से बंद हो गया है जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है।

## भारतीय किसान संघ की गर्जना रैली आज

**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय किसान संघ द्वारा 17 अक्टूबर को किसान गर्जना रैली निकालकर किसान की दशा सुधारने के लिए तथाउन्हे समाज के निचले स्तर से ऊपर उठाकर आर्थिक रूप सशक्त बनाने के लिए भारतीय किसान संघ द्वारा किसान गर्जना रैली गुरूवार को दोपहर 12 बजे पुराना कृषि उपज मंडी गांधी के सामने विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भारतीय किसान संघ द्वारा धान पर प्रत्येक वर्ष 915 रूपए प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राश दिया जाए, जिससे केन्द्र द्वारा एमएसपी के वृद्धि का लाभ किसानों को मिल सकें। किसान न्याय योजना का लंबित चौंथे किस्त की राशि किसानों को दिया जाए। देश को दहलन तथा तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने फसल विविधिकररण को बढ़ावा देने के लिए धान के आलावा 20 हजार रूपए दिया जाए तथा सभी फसलों को समर्थन मूल्य में खरीदा जाए, श्री अन्न मिलेट्स की खेती करने वाले किसानों को 25 हजार रूपए प्रति एकड़ की इनपुट सब्सिडी दिया जाएं, गन्ने का मूल्य 355 से बढ़ाकर 500 रूपए प्रति क्विंटल किया जाएं तथा प्रति क्विंटल 208 रूपए बोनस दिया जाएं, शासन द्वारा गन्ना किसानों को दिए जा रहे बोनस, रिकव्हीरी आदि का लाभ जिले के सभी गन्ना उत्पादकों को मिलना चाहिए इस के लिए सभी किसानों को शेयर दिया जाएं, जिले मे दो नए शक्कर कराखाना लोहारा तथा कवर्धा ब्लॉक में खुलवाया जाए तथा वर्तमान दोनों कारखाना की तकनीकी उन्नयन किया जाएं तथा कवर्धा में गन्ना अनुसंधान केन्द्र खोला जाएं, शक्कर कारखाना के शेयरधारी किसानों के मृत्यु उपरांत उनके शेयर को परिवार के किसी भी सदस्य के नाम ट्रांसफर किया जाएं,सुतियापाट नहर नाली विस्तार के लिए आवश्यक भू अर्जन राशि किसानों को शीघ्र दिया जाएं, हाफ नदी में बकेला के पास बैराज बनाया जाए करियाआमा बैराज का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए तथा उक्त विभिन्न मांग को लेकर विशाला गर्जना रैली में सभी किसान भाईयों से अपील कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

## छिरहा के 47 छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरित

- सरस्वती सायकल योजना के तहत लाभाविंत हुए छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के 47 छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत निःशुल्क सायकल प्रदान किया गया। जनपद सदस्य प्रतिनिधि सुखदास डहरिया व एसएमडीसी अध्यक्ष चैन पटेल की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र में पूजा-अर्चना पश्चात अतिथियों के स्वागत किया गया।

संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में शासन द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदान किए जा रहे निःशुल्क सायकल के लाभान्वित छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि सफलता के लिए कठोर परिश्रम की आवश्यकता होती है। शासन द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन का लाभ लेते हुए परिश्रम कर आगे बढ़े। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य प्रतिनिधि सुखदास डहरिया, एसएमडीसी अध्यक्ष चैन पटेल, प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी, गयाराम साहू, पुरन पटेल, प्रीतम कुर्रे, केशव पटेल, चंद्रकुमार पटेल, व्याख्याता कल्पना मेरावी, रंजीता माहेश्वरी, कल्पना मेरावी एवं गणमान्य नागरिक तथा स्कूली छात्र-छात्राएं व उपस्थित थें।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों हितैषी योजना अपार आईडी, जिले के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बुधवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यो की समीक्षा बैठक विद्यार्थियों हितैषी योजना व जाति प्रमाण पत्र के संदर्भ समीक्षा बैठक लिया गया। जिसमें बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग राज्य शासन प्रशासन की महत्वाकांक्षी विद्यार्थी हितैषी योजनाओं संबंधी क्रियान्वयन की समीक्षा हुई। बैठक में अपार आईडी क्रिएशन छात्रवृत्ति की आन लाईन प्रविष्टि की प्रगति विद्यालय का जियो टेकिंग, ओटीआर, संस्था प्रमुख आधार पंजीयन के साथए निः शुल्क सरस्वती सायकल वितरण, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, विद्यालय निरीक्षण, निर्माण कार्य, व्यवसायिक पाठ्यक्रम का विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन तथा अन्य महत्वपूर्ण अकादमिक बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन व नवाचारी गतिविधियों से संबंधित कार्य बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे एवं राज्य स्तरीय उपलब्धि सर्वे पर चर्चा एवं शत-प्रतिशत वन-नेशन-वन स्टुडेंट संदर्भ में अपार आईडी की तैयारी, पौधरोपण एक वृक्ष मां के नाम, रोपित वृक्षों का संवर्धन व जल संरक्षण पर चर्चा कर तत्सबंधी प्रगति के साथ ही यूडाईस पोर्टल में स्कूल प्रोफाईल एवं शिक्षण प्रोफाईल एण्ट्री की स्थिति जैसे विविध महत्वपूर्ण कार्य बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में सहायक संचालक एमके गुप्ता, सहायक संचालक, एमआईएस, प्रशासक सतीश यदु, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कवर्धा संजय जायसवाल, एसएल पन्द्रो व संतोष भास्कर सहित जिले के 150 विद्यालयों के संस्था प्रमुख उपस्थिति थे।

## कलेक्टर ने ली उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की अंतर्विभागीय समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की अंतर्विभागीय समन्वय बैठक ली, जिसमें संदीप कुमार अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अतिरिक्त कलेक्टर निर्भय साहू, वाईडी साहू जिला शिक्षा अधिकारी, सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जिले में साक्षरता के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने के लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया तथा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं अपने-अपने विभाग में आने वाले हितग्राहियों को भी साक्षर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होने बैठक के दौरान कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण अभियान है इसके अंतर्गत 30000 असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य हमारे जिले को मिला है इसे हम सबको मिलजुल कर पूरा करना है।

कलेक्टर श्री वर्मा कहा कि साक्षरता के लिए वातावरण निर्माण हेतु इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएं, शैक्षणिक संस्थानों में उल्लास का मोनो एवं स्लोगन लिखाएं, ग्रामीण क्षेत्रों में शाला भवनों तथा अन्य शासकीय भवनों को भी साक्षरता केंद्र के रूप में संचालित करने के लिए भी उपलब्ध कराएं जहां शिक्षार्थियों को पढ़ाया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि उल्लास कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक आयु के सभी युवा, प्रौढ़, पुरुष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता प्रदान करने के लिए आवश्यक प्रयास किया जाएं।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज दिल्ली में हर्ष बाफना जैन का एडमिशन



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा नगर के हर्ष बाफना जैन सुपौत्र श्रीमती सरोज सुगनचंद बाफना सुपुत्र श्रीमती रश्मि संकेत बाफना जैन ने बीएसए शासकीय मेडिकल कॉलेज दिल्ली में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए एडमिशन प्राप्त कर जिले को गौरवावित किया है। हर्ष पहले से ही मेधावी छात्र रहा है, उसकी प्रारंभिक शिक्षा गुरूकुल पब्लिक स्कूल व अभ्युदय स्कूल कवर्धा में हुई है। दिल्ली के आकाश इंस्टीट्यूट से नीट की कोचिंग कर प्रथम प्रयाय मे ही नीट यूजी 2024 में 687/720 अंक प्राप्त कर विशेष सफलता प्राप्त किया। साथ ही साथ मेडिकल कॉलेज मे एडमिशन प्राप्त कर डॉक्टर बनने के अपने सपने की ओर पहला कदम रख दिया है। वह डॉक्टर बनकर जल्द ही अपने देश के लोगों की सेवा में समर्पित होना चाहता है तथा अपने देश समाज व परिवार का नाम रोशन करना चाहता है।

### जर्जर सड़क की मरम्मत व सुधार शुरू

**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत डबराभाट में श्री पंचदेव मंदिर सारगपुर खुर्द जाने वाली चार किलोमीटर सड़क की मरम्मत व सुधार कार्य किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पीएम सड़क में भारी वाहन के चलते सड़क जर्जर व बदहाल होकर डामर की परत उखड़ तथा जगह-जगह गड्ढे होने से राहगीरो को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था लेकिन सुधार कार्य होने से ग्रामीणो व राहगीरों को राहत व सुविधा मिलेगी।

## मूंगफली की किमत 100 से पार



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित ग्रामीण अंचलों में इन समय किसानों के खेतों में मूंगफली की फसल परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं, वहीं ग्रामीण किसान परिपक्व होकर तैयार मूंगफली की एक-एक दाने निकल कर इकट्ठे कर रहे हैं और बोरी में बांधकर स्थानीय मंडी ले जा रहे हैं और मंडी में 80 रुपए किलो के भाव से बेच रहे हैं। वही व्यापारी लोग बाजार व चौंक-चौराहो तथा गली मोहल्ले में 100 किलो ग्राम की भाव से बिक रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण गरीब व किसान परिवार 100 रूपए मूंगफली की दाम सून कर लोग 1 किलो ना लेकर एक पाव को 25 रूपए में खरीद रहे हैं, जिसे गरीबों का बादाम कहा जाता है जो पोष्टिक आहार होता है इसलिए खाने में अच्छे स्वादिष्ट भी रहते हैं और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक पसंदीदा मूंगफली बना हुआ है।

जिले के खिलाड़ियों ने 53 पदक हासिल कर जिले का नाम किया रोशन

# शालेय राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल में 25 स्वर्ण पदक, बेसबॉल में 15 रजत पदक व 13 कांस्य पदक प्राप्त कर लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर में संचालित प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल का प्रशिक्षण दिया जाता है यहां के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगितायो में पिछले कई वर्षो से लगातार पदक लगाकर जिले का नाम रोशन कर चुके है, वही इस सत्र 2024-25 में एक बार फिर से शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपना परचम लहराया है, इस वर्ष कबीरधाम व जांजगीर चांपा में आयोजित हुए सॉफ्टबॉल मिनी बालक वर्ग में शुभम सेन, आरुष महोबिया, सचिन यादव व बालिका वर्ग में वैनी पाटिल, प्राची चंद्रवंशी, श्रेया पाली, प्रियंका यादव, पूजा चंद्रवंशी, दीपिका सॉफ्टबॉल सीनियर बालक वर्ग में हरि कुरसाम, खेलसाय सिंह बालिका वर्ग में बिंदिया चतुर्वेदी, रुचि रोड़ेस्कर, काजल धुर्वे, हर्षिता प्रसाद, आंचल चंद्रवंशी, सॉफ्टबॉल जूनियर वर्ग में हिमेश यादव, सोहम सिंह, हर्ष सिन्हा, सुन्नम चरण, भुनेश्वर दीवान बालिका वर्ग में रुचि तुरकर, सुरभि बघेल, सुखवंतीन जांगड़े और आफरीन खान 25 खिलाड़ियों का चयन हुआ। ज

जिसमें सभी खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी वर्गो में स्वर्ण पदक लगाकर कबीरधाम जिले का नाम रोशन किया साथ ही साथ शालेय बेसबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर व राजनांदगांव में आयोजित हुआ जिसमे मिनी बालक वर्ग में रुद्र देवांगन, चोलेश्वर, चंद्रेश कोर्राम, मयंक, आयुष कौशिक एवं बालिका वर्म में संध्या कौशिक, शीनू चंद्रवंशी, सोनाक्षी चंद्रवंशी, पूजा चंद्रवंशी, निशु बंजारे, किरण बंजारे बेसबॉल सीनियर बालक वर्ग में कुलेश्वर सिंह राजपूत, निलेश साहू, आयुष राजपूत, विवेक चंद्रवंशी, तनुष मांझी कुल 15 खिलाड़ियों ने रजत पदक प्राप्त किया वही बेसबॉल सीनियर बालिका वर्ग में विभा मानिकपुरी, ईशा बंजारे, मान्या प्रसाद, निहारिका नंदनी व बेसबॉल जूनियर बालक वर्ग में भावेश चंद्रवंशी, रामविलास, कुलेश्वर धुर्वे, रवि, बालिका वर्ग में स्नेहलता सिन्हा, उमेश्वरी पॉल, श्रृष्टि झरिया, मंजू, विनीता कुल 13 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

इसी के साथ प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के खिलाड़ियों ने इस वर्ष शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में कुल 53 पदक प्राप्त करके कबीरधाम जिले का नाम गौरवांवित किया है। इसके साथ ही खिलाड़ियों को पदक लगाने में अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी, व्यायाम शिक्षक दिनेश वर्गीस, भूपेंद्र गड़ेवाल, श्रुति ठाकुर, गौरी जायसवाल का कोच के रूप में विशेष योगदान रहा। अकेडमी के खिलाड़ियों द्वारा सॉफ्टबॉल और बेसबॉल शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक प्राप्त करने पर जिले के समस्त पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिको ने खिलाड़ियों को बधाई व उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।

## जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का होगा निराकरण

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन समान्य प्रशासन एवं जन-शिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में जन-समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नेवारी में 19 अक्टूबर को शिविर आयोजित किया जाएगा, शिविर में 28 गांव शामिल है। इसी तरह पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाघामुड़ा में 26 अक्टूबर को शिविर आयोजित किया जाएगा, शिविर में 54 गांव शामिल है। कलेक्टर श्री वर्मा ने आदेश जारी कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नेवारी में 19 अक्टूबर को आयोजित शिविर में ग्राम सूखाताल, राम्हेपुरखुर्द, रवेली, नेवारीगुढ़ा, कन्हाभैरा, लखनपुरकला, लालपुरकला, सोनबरसा, सिंघनपुरी, जेवड़नखुर्द, दौजरी, बटुराकछार, खड़ौदाखुर्द, जरती, बोधईकुण्डा, डबराभाट, जमुनिया, नेवारी, बरबसपुर, मरपा, जोराताल, सिंघनपुरी, अमलीडीह, बरपेलाटोला, रेंगाखारखुर्द, मजगांव, समनापुर, कवर्धा कुल 28 ग्राम शामिल है। इसी तरह पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाघामुड़ा में 26 अक्टूबर को आयोजित शिविर में ग्राम उदका, खैरडोंगरी, ढुल्लापुर, नरसिंहपुर, अमलडीहा, भरेवापारा, कांपादाह, घुटुरकुण्डी, सोमनापुरनया, डोमनपुर, झिरियाकला, बुचीपारा, सागोनाडीह, झिरियाखुर्द, बाघामुड़ा, सांवतपुर, खैरझिटीनया, नरौली, नानापुर, कोड़ापुरी, किशुनगढ़, नेउरगांव, रमतला, मोहतराखुर्द, पेण्ड्रीखुर्द, पुसेरा, डोमसरा, पौनी, खरहट्टा, पड़कीकला, नवागांवहट्टा, धोबघट्टी, सोनपुरी, रेहुंटाखुर्द, पण्डरिया, पाढ़ी, बिरकोना, केसलीगोड़ान, गांगपुर, बिनौरी, मोतिमपुर, लाडंगपुर, रौहा, मैनपुरा, दशरंगपुर, रोहरा, पाण्डातराई, डोंगरियाकला, चारभाठाखुर्द, चरखुराकला, परसवारा व मंझोली तथा कोयलारीकांपा कुल 54 ग्राम शामिल।